फा.सं. एन-2206/89/2022-एनआई
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

कमरा नं. 517, 5वां तल, अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली- 110003
दिनांक 31 जुलाई, 2024

परिपत्र

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन 03 राष्ट्रीय संस्थानों [राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी), देहरादून; भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी), नई दिल्ली; राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर), सीहोर] (स्वायत्त निकायों) के निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद को प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर भरा जाना है तथा प्रतिनियुक्ति के लिए वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर 13 (123100-215900 रुपये) के अनुसार वेतन और संविदा के आधार पर 1,75,000 रुपये प्रति माह का समेकित पारिश्रमिक दिया जाएगा।

2. विस्तृत विज्ञापन विभाग की वेबसाइट https://depwd.gov.in और संबंधित संस्थानों की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विज्ञापन रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 20-26 जुलाई, 2024 को प्रकाशित किया गया है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 सितंबर, 2024 है।**

(होन्नारेड्डी एन)
निदेशक